### उपायुक्त कार्यालय में नशा मुक्ति को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित

# नशा रोकने की दिशा में उठाएं कड़े कदमः उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला सचिवालय में नशा मुक्ति को लेकर बुधवार को प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने जिले के नशा मुक्त बनाने के लिए अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश दिए।

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि जिला को नशा मुक्त बनाना है। इसके लिए विशेषकर युवाओं में जागरूकता लानी जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य ड्रग्स आदि नशे को जड़ मूल से खत्म करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर माह सभी नशा मुक्ति केन्द्रों का निरीक्षण करें। नशा रोकने को लेकर पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग व खेल विभाग सहित अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर गांव व शहर में जाकर लोगों को जागरूक करें और नशा करने वाले लोगों पर नजर बना कर रखें।

ताकि उनमें सुधार लाया जा सकें।



यमुनानगर। लघु सचिवालय में आयोजित प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में नशा मुक्ति को लेकर दिशा निर्देश देतीं उपायुक्त प्रीति। फोटो : हरिभूमि

#### बैठक में यह रहे मौजूद

मौके पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल,अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, एएसपी अमरिंदर सिंह, जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, व्यासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, छछरौली के एसडीएम रोहित कुमार, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार व सिविल सर्जन डॉ. जितेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

#### जीवन में युवा वर्ग सही दिशा में लगाएं अपनी ऊर्जा

उपायुक्त प्रीति ने युवाओं से अपने जीवन की सकारात्मक ऊर्जा पर रफोकस करने का आह्वान। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रहते हुए जीवन में अपनी ऊर्जा को सही कार्यो में लगाना चाहिए। जिससे उनके जीवन का विकास हो। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में योग बड़ी ताकत हैं। योग से जीवन को सही दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से पूरे समाज को नशे आदि की आदतों से दूर रहने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जिन मेडिकल स्टोरों पर अवैध रूप से नशे की दवा मिलती है उन मेडिकल स्टोर के संचालको पर कार्रवाई करें।

उपायुक्त प्रीति ने जिला के सभी अधिकारियों व शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की स्कूल व कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया जाए। ताकि वह हर प्रकार के नशे से दूर रहें।

### छात्र रणइंद्र प्रताप सिंह ने जीता गोल्ड मेडल



रादौर । मुकंदलाल नेशनल कालेज रादौर के छात्र रणइंद्र प्रताप सिंह ने चंडीगढ़ में आयोजित सेल्वो शुटिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर कालेज व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है। छात्र रणइंद्र प्रताप सिंह का कालेज में पहुंचने पर प्राचार्या समेत अन्य स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया है।

छात्र के कोच प्रदीप सिंह ने बताया कि गत दिवस चंडीगड़ में सेल्वो शुटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुकंदलाल नेशनल कालेज रादौर के छात्र रणइंद्र प्रताप सिंह ने भी भाग लिया। उन्होंने प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर कालेज, माता पिता व इलाके का नाम रोशन किया है। कालेज प्राचार्या माला शर्मा ने छात्र रणइंद्र प्रताप सिंह की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। मौके पर चेयरमैन पम्मी खेड़की, डॉ.महेंद्र सिंह आलमपुर व प्रोफेसर आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।

### छछरौली में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री ने गिनवाईं उपलब्धियां

# छछरौली में करोड़ों की लागत से करवाए विकास कार्यः कंवरपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रदेश के पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने कहा कि उन्होंने प्रदेश सरकार में अपने कार्यकाल के दौरान नवंबर 2014 से अक्तूबर 2024 तक छछरौली क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य करवाए गए हैं।

यही नहीं वर्तमान में भी वह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही भाजपा सरकार के माध्यम से जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य करवा रहे हैं। उन्होंने उक्त शब्द बुधवार को छछरौली में आयोजित पार्टी के कार्यक्रम में शिरकत के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए कहे। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने बताया कि पिछली भाजपा सरकारों में अपने कार्यकाल में उन्होंने छछरौली को सब डिवीजन का दर्जा दिलवाया। जिससे दर्जनों गांवों के लोगों को लाभ हुआ है। छछरौली पीएचसी को अपग्रेड करके करोड़ों रुपये की लागत से सीएचसी का दर्जा दिलवाया। जिससे क्षेत्र के लोगों को इलाज में मदद मिल रही है। छछरौली सरकारी कालेज में करोड़ों रूपये की लागत से नई बिल्डिंग का निर्माण करवाया व यहां पर नए नए पाठ्यक्रम कोर्स शुरू करवाए। जिससे यहां पढ़ने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि छछरौली में करोड़ों रुपये की लागत से सरकारी आईटीआई मंजूर करवाकर शुरू करवाई गई। जिससे युवक युवतियों को तकनीकी कोर्स शुरू होने से लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि छछरौली से शाहपुर जंगल के रास्ते पर पुल निर्माण व सड़क निर्माण मंजूर करवाया। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। छछरौली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत करते पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल। फोटो : हरिभूमि

#### कृषि कालेज खोलने की घोषणा करवाई

वहीं, छछरौली के सरकारी विधालय को पीएम श्री विद्यालय बनाया व सीबीएसई बोर्ड से मान्यता दिलवाई। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने बताया कि इसके साथ साथ जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणंचल में फोरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट मंजूर करवाया व अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने क्षेत्र में कृषि कालेज खोलने की घोषणा करवाई गई है। वहीं,छछरौली के सरकारी पार्क में नए कम्युनिटी सैंटर हाल का निर्माण करवाया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि उन्होंने हमेशा विकास की राजनीति की है।

### कांग्रेस ने कंडरौली गांव में ग्रामीणों के साथ की बैठक

# बुढ़ापा पेंशन काटकर सरकार ने बुजुर्गों को आर्थिक तौर पर किया कमजोर : धर्मबीर

**बैठक में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव एडवोकेट धर्मवीर सिंह ने ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों से करवाया अवगत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के तहत गांव कंडरौली में ग्रामीणों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव एडवोकेट धर्मबीर सिंह ने की। बैठक में ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया गया। पूर्व प्रदेश सचिव एडवोकेट धर्मबीर सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से ही जरूरतमंद लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए योजनाएं बनाई हैं। ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी पार्टी ने वृद्धों की बुढापा पेंशनों पर डाका डाला है। पेंशन वृद्धों की दवाई व अन्य कार्य करने के लिए एकमात्र सहारा होती है। भाजपा सरकार ने वृद्धों की पेंशन काटकर बुजुर्गों को आर्थिक तौर पर कमजोर करने का काम किया है। वहीं, भाजपा सरकार ने लाखों लोगों के बीपीएल कार्ड काट दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने योजनाएं बनाकर किसानों को लाभ की बजाय नुकसान पहुंचाने का काम किया है। अमेरिका से ट्रेड डील का सीधा नुकसान किसानों को होने वाला है। कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों, मजदूरों, व्यापारियों के हितों के लिए योजनाएं बनाकर उन्हें लाभ दिया जाएगा। उन्होंने दावा जताया कि प्रदेश में आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का होगा।



यमुनानगर। गांव कंडरौली में आयोजित ग्रामीणों की बैठक में कांग्रेस की नीतियों से अवगत करवाते एडवोकेट धर्मबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

# प्रत्येक संस्थान की पूंजी होते हैं कर्मचारीः डॉ. गर्ग

### जेएमआईटी इंजीनियरिंग कालेज रादौर में निःशुल्क शिविर



यमुनानगर। रादौर स्थित जेएमआईटी कॉलेज में स्वास्थ्य विभाग की टीम को पौधे भेंटकर सम्मानित करते संस्थान के निदेशक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में युवा रेडक्रॉस यूनिट के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने शिविर का शुभारंभ किया। वहीं, शिविर की अध्यक्षता प्रोफेसर पिंकी तंवर ने की। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर के चिकित्सकों की टीम ने संस्थान के 110 कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की। कॉलेज के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने बताया कि कर्मचारी किसी भी संस्थान की पूंजी होता है। इस तरह के शिविर न केवल कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाते हैं। बल्कि कार्यक्षमता व सकरात्मकता भी बढ़ाते हैं। भविष्य में भी कर्मचारियों के स्वास्थ्य को लेकर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम की संचालिका प्रो. पिंकी तंवर ने कहा कि समाज सेवा मनुष्य का परम धर्म है। मानवता की सेवा ही सच्चाई है। हम सबको शिक्षा के माध्यम से समाज सेवा करते हुए राष्ट्र की प्रगति में अपना अहम योगदान हमेशा देने का प्रयास करना चाहिए। रेडक्रास जैसी संस्थाएं हम सबके लिए प्रेरणा का आधार हो सकते हैं। इसके साथ ही सरकार द्वारा संचालित सभी संस्थाएं एकरूपता के साथ आगे बढ़कर राष्ट्र की सेवा में लगी हुई हैं। जो हम सब के लिए प्रेरणा हैं।

### पिहोवा में निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**पिहोवा।** पिहोवा मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला की पहल पर नवीन जिंदल फाउंडेशन के सहयोग से 19 फरवरी को पिहोवा में एक भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत आयोजित हो रहा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। यह स्वास्थ्य शिविर 19 फरवरी 2026 को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल पिहोवा, गऊ चरांद रोड, पिहोवा में आयोजित किया जाएगा। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जाएंगी। इनमें नेत्र परीक्षण एवं उपचार, दंत जांच, स्त्री रोग परामर्श, स्तन कैंसर स्क्रीनिंग, मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से सामान्य स्वास्थ्य जांच तथा किशोरी छात्राओं के लिए एनीमिया जांच एवं परामर्श शामिल हैं। प्रिंस मंगला ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की।



### जिलास्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्यों की उपायुक्त कार्यालय में बैठक आयोजित

# पुलिस समय पर चालान प्रस्तुत करेः प्रीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिलास्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्यों की बैठक बुधवार को लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यत्रक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को महिलाओं के विरुध होने वाले अपराधों के मामलों को गंभीरता से लेने के लिए दिशा निर्देश दिए।

उपायुक्त प्रीति ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के तहत जो भी मामले आते है। उनके केसों को गंभीरता से लें तथा समय पर पुलिस चालान प्रस्तुत करें। ताकि पीड़िता को नियमानुसार समय पर न्याय मिल सके। उन्होंने बैठक में गंभीरता से सभी मामलों की जानकारी ली। इस दौरान बैठक में जिला न्यायवादी धर्मचंद ने बताया कि उपायुक्त प्रीति ने कमेटी में चिन्हित अपराध, पॉक्सो एक्ट, हत्या, बलात्कार, महिलाओं से छेड़छाड़ के गंभीर मामले और महिलाओं के प्रति अपराधों के मामलों पर विचार विमर्श किया। उन्होंने बताया कि पोक्सो एक्ट के केसों पर भी गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। ताकि दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिल सकें। मौके पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल, जेल अधीक्षक सत्येंद्र कुमार, जिला सिविल सर्जन डॉ. जितेन्द्र सिंह व जिला कल्याण अधिकारी अनु बंसल आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। उपायुक्त कार्यालय में आयोजित जिलास्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी में दिशा निर्देश देतीं डीसी प्रीति।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में जांचा 150 लोगों का स्वास्थ्य

**यमुनानगर ।** जन कल्याण सेवा संगठन द्वारा बुधवार को शहर के कैंप में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 150 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की गई। शिविर में चिकित्सक डॉ. सुनील कुमार, डॉ. सुभम व डॉ. गुलशन ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की। मौके पर चिकित्सकों ने लोगों को मौसम के बदलाव के चलते अपने खान पान में ऐहतिया बरतने की सलाह दी। संगठन के संयोजक विवेक कुमार ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज सेवा करना है। इसी क्रम में संस्था द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया है। उनका कहना है कि कई बार कुछ लोग समय और पैसे के अभाव में अस्पताल में जाकर अपना उपचार और चैकअप नहीं करवा पाते हैं। जिन्हें इस प्रकार के शिविरों में पहुंचकर अपना चैकअप करवाना चाहिए। विवेक कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर, स्वच्छता कार्यक्रम के अलावा अन्य समाज कल्याण के लिए कार्य किए जाते हैं। मौके पर प्रदीप कुमार, बंटी, साहिल, गुरजीत, रमेश व विक्रांत आदि मौजूद रहे।

### ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में चल रहे दो दिवसीय रोजगार संबंधित कौशल विकास कार्यक्रम का समापन

# साक्षात्कार के दौरान विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बनाए रखना जरूरी है

**सॉफ्ट स्किल ट्रेनर एंड कंसल्टेंट बलतेज सिंह औलख ने मुख्य वक्ता के रूप में लिया भाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन नाचरौन(रादौर) में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और रोजगारोन्मुखी कौशल को सुदृढ़ करने के उद्देश्य को लेकर आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय रोजगार संबंधित कौशल विकास कार्यक्रम का समापन हो गया। समापन अवसर पर मुख्य वक्ता के रुप में सॉफ्ट स्किल ट्रेनर एंड कंसल्टेंट बलतेज सिंह औलख ने भाग लिया। संस्थान के समूह निदेशक डॉ. अश्विनी कुमार ढींगरा व निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने विशिष्ठ अतिथि के रुप में भाग लिया। जबकि संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के बृजभूषण व मोनिका अग्रवाल ने अध्यक्षता की। मुख्य वक्ता बलतेज सिंह औलख ने विद्यार्थियों को प्रभावी संचार कौशल, आत्म मूल्यांकन, पेशेवर शिष्टाचार तथा कार्यस्थल पर आचरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को साक्षात्कार के दौरान आत्मविश्वास बनाए रखने, अपने विचार स्पष्ट रूप से व्यक्त करने व व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन लाने के व्यावहारिक सुझाव दिए।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

#### विद्यार्थियों के लिए मॉक इंटरव्यू आयोजित

विद्यार्थियों ने सत्र के दौरान सक्रिय सहभागिता करते हुए विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और अपने अनुभव सांझा किए। वहीं, कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए मॉक इंटरव्यू आयोजित किए गए। जिनमें उन्हें वास्तविक साक्षात्कार जैसी परिस्थितियों में बैठाकर उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया तथा सुधार हेतु आवश्यक सुझाव दिए गए। इसके अलावा समूह चर्चा और वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिससे विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, नेतृत्व कौशल, टीम वर्क तथा अभिव्यक्ति शक्ति का विकास हुआ। मौके पर संस्थान के समूह निदेशक डॉ. अश्विनी कुमार ढींगरा व निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और करियर उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों ने इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं उपयोगी बताया।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत एडीआर सेंटर में कार्यशाला

# योजना का करें प्रचार प्रसारः कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यमुनानगर द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत व मैजिंग द डिजिटल वर्ल्ड (थिंक बिफोर यू शेयर) अभियान के तहत शहर के एडीआर सेंटर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुमित्रा कादियान ने की। कार्यशाला में आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी वर्कर्स, अध्यापकों व पुलिस स्टाफ के सदस्यों ने भाग लिया। प्राधिकरण की सचिव सुमित्रा कादियान ने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान नालसा की बाल विवाह उन्मूलन की स्कीम-2025 के आशा के अंतर्गत चलाया जा रहा है। उन्होंने कार्यशाला में मौजूद सदस्यों को बाल विवाह उन्मूलन की योजना के बारे में सभी को जागरुक करने के लिए आहवान किया। मौके पर पैनल अधिवक्ता वीपी स सिंधु ने कार्यशाला में दहेज निषेध अधिनियम, मैनेजिंग द डिजिटल वर्ल्ड थिंक बिफोर यू शेयर बाल विवाह मुक्त भारत, साइबर क्राईम, नशा मुक्ति जैसे विषयों के कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला संरक्षण अधिकारी अरविंदर कौर ने भी बाल विवाह मुक्त भारत स्कीम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



यमुनानगर। एडीआर सेंटर में आयोजित कार्यशाला में अध्यक्षता करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कादियान व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप




### टीम ने मल्टीग्रेड टीचिंग कक्षाओं का किया निरीक्षण

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला तिगरी खालसा खंड थानेसर जिला कुरुक्षेत्र में मल्टीग्रेड टीचिंग कक्षाओं का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक के साथ-साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के राज्य नॉर्थ कोरोलिना से मुख्य रूप से जोनाथन ट्रेन ने भाग लिया। यह टीम हरियाणा के सरकारी प्राथमिक स्कूलों में संचालित मल्टीग्रेड टीचिंग कक्षाओं का निरीक्षण कर रही है। यह टीम निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत एल एल लफ द्वारा संचालित कार्यक्रम मल्टीग्रेड टीचिंग की समीक्षा एवं निरीक्षण करने पहुंचे थी।

### बूंदाबांदी ने मौसम में बढ़ाई ठंडक

**कुरुक्षेत्र।** बुधवार को दिन भर बादल छाए रहने व सुबह हल्की बूंदाबांदी के कारण मौसम में ठंडक एक बार फिर बढ़ गई। बुधवार को धर्मनगरी का अधिकतम तापमान 24 डिग्री व न्यूनतम 12 डिग्री सेल्सियस नोट किया गया। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि इस समय में बरसात होने से गेहूं की फसल में फायदा होगा। बुधवार सुबह से ही मौसम ने एकदम करवट बदली और सुबह हल्की बूंदाबांदी ने मौसम में ठंडक घोल दी। किसान कृष्ण, रामकुमार, सुनील ने कहा कि इस समय बारिश, बूंदाबांदी होती है तो फसल को फायदा होगा।

### शांति एन्क्लेव में प्रभातफेरी आयोजित

**थानेसर।** श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा शांति एन्क्लेव में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी की प्रेरणा से शांति एन्क्लेव निवासियों द्वारा आयोजित इस प्रभात फेरी में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। होली पर्व तथा श्री कृष्ण कृपा गौशाला प्रांगण में आयोजित भागवत कथा के उपलक्ष्य में आयोजित प्रभात फेरी में भजन रसिकों द्वारा गाए गए भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। जीओ गीता महिला संकीर्तन मंडल द्वारा गाए गए भजन बरसाने की गलियां विचो राधा आई है.....ने पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया ।

### एडीआर सेंटर में कल लगेगा रक्तदान शिविर

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 20 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे एडीआर सैंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति रक्तदान करना चाहता है तो वह एडीआर सैंटर में आकर अपना नाम दर्ज करवा सकता है तथा कल होने वाले रक्तदान शिविर में रक्तदान कर सकता है।

## पूर्व राज्यमंत्री सुधा ने अस्पताल में किया उद्घाटन

# सीएम के कुशल नेतृत्व के परिणाम स्वरूप स्थापित हुई एमआरआई मशीन : सुभाष

- 100 बैड के नए अस्पताल के निमार्णाधीन भवन का किया निरीक्षण
- जिला अस्पताल में एमआरआई रूटीन जांच मात्र 1560 रुपये में होगी उपलब्ध


**कुरुक्षेत्र।** लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल में एमआरआई मशीन का उद्घाटन करते पूर्व मंत्री सुभाष सुधा।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र**

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व एवं जनकल्याणकारी सोच के परिणाम स्वरूप आज लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल में अत्याधुनिक एम.आर.आई. मशीन का शुभारंभ हुआ। सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक है। यह पहल सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना को साकार करती है। आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएँ अब महानगरों तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि हमारे जिला स्तर तक पहुंचकर आम नागरिक के जीवन को सुरक्षित और स्वस्थ बनाएंगी। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा बुधवार को लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल में एमआरआई मशीन के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। इसके उपरांत 100 बैड के नए अस्पताल के निमार्णाधीन भवन का निरीक्षण भी किया। इस दौरान सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने अस्पताल निर्माण कार्य की विस्तृत रिपोर्ट दी और लोकनिर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता ऋषि सचदेवा ने प्रोजेक्ट के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह एम.आर.आई. मशीन लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित की गई है। इसे पी.पी.पी. (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर शुरू किया गया है, जिससे सरकारी व्यवस्था और निजी विशेषज्ञता का समन्वय होकर जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह मशीन यूनाइटेड कम्पनी की 1.5 टेस्ला क्षमता वाली आधुनिक एम.आर.आई. मशीन है, जो शरीर की अत्यंत सूक्ष्म जांच करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि यह मशीन दिमाग की संपूर्ण और सटीक स्टडी करने में सहायक है। शरीर की खून की नसों सहित सभी नसों की जांच अत्यंत स्पष्टता के साथ की जा सकेगी। गंभीर बीमारियों का समय रहते पता लगाकर उपचार को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र का यह जिला अस्पताल अब हरियाणा में स्थापित एम.आर.आई. मशीनों की श्रृंखला में सातवां स्थान प्राप्त कर रहा है। इससे पहले यह सुविधा अम्बाला, पंचकूला, गुरुग्राम, फरीदाबाद, पानीपत तथा हिसार में सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अब जिला अस्पताल में एम.आर.आई. रूटीन जांच मात्र 1560 रुपये में उपलब्ध होगी, जबकि निजी केंद्रों पर यही जांच लगभग 6000 रुपये तक में करानी पड़ती है। इससे गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी और उन्हें बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यह मशीन 24 घंटे कार्यरत रहेगी, जिससे आपातकालीन स्थितियों में भी मरीजों को तुरंत जांच सुविधा मिल सकेगी।

### प्रतिदिन 60 से 65 मरीजों की होगी जांच

प्रतिदिन लगभग 60 से 65 मरीजों की एम.आर.आई. जांच इस मशीन द्वारा की जा सकेगी, जिससे उपचार की गति और गुणवत्ता दोनों में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि अल्ट्रा साउंड मशीन की कीमत 73.50 लाख रुपये है। यह एक आधुनिक कलर अल्ट्रासाउंड मशीन है, जिससे जांच की गुणवत्ता पहले की मशीन की तुलना में अधिक बेहतर और सटीक होती है। इस मशीन की सहायता से हेपेटाइटिस-बी एवं हेपेटाइटिस-सी से संबंधित आवश्यक जांचें अधिक प्रभावी तरीके से की जा सकती हैं। नई तकनीक होने के कारण इसमें जांच करने में पहले की मशीन के मुकाबले कम समय लगता है, जिससे मरीजों को शीघ्र सुविधा मिलती है और अधिक संख्या में लोगों की जांच संभव हो पाती है। इस प्रकार यह मशीन न केवल आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करेगी, बल्कि आमजन को सस्ती, तेज एवं विश्वसनीय जांच सुविधा भी उपलब्ध कराएगी। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि एल.एन.जे.पी. अस्पताल, कुरुक्षेत्र में 100 बेड के अस्पताल का निर्माण चला हुआ है। इसके लिए 88.52 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। इनमें से 32 करोड़ रुपए की लागत का सिविल, 22 करोड़ से बिजली के कार्यों को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल के लिए बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर सहित 7 मंजिला भवन का निर्माण किया जाएगा। इसमें 6 लिफ्ट और एक रैंप भी लगेंगी। रूम व यूनिट को मिलाकर 199 विकसित किए जाएंगे। अब तक लगभग 35 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। मार्च 2027 तक इन सभी कार्यों को पूरा कर लिया जाएगा। इस मौके पर मार्केट कमेटी थानेसर के चेयरमैन सुरेश सैनी कूक्कू भी मौजूद रहे।

## लाडवा विस के 14 किमी के रास्तों को पक्का करने की मिली मंजूरी


**लाडवा।** मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश को फूलों का गुलदस्ता देखकर सम्मानित करते भाजपा कार्यकर्ता।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा**

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लाडवा हलका के 23 गांवों में 29 विकास कार्यों पर 5 करोड़ 39 लाख 31 हजार रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। इस बजट से खेतों को जाने वाले रास्ते को ईंटों के साथ पक्का किया जाएगा। यह विकास कार्य प्रदेश सरकार की हरियाणा ग्रामीण विकास योजना के तहत किया जा रहा है। इन विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा ग्रामीण विकास योजना के तहत लाडवा विधानसभा के 14.257 किलोमीटर रास्तों को पक्का करने की मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य खेतों तक जाने वाले कच्चे रास्तों को पक्का करना है। इस योजना का लाभ किसानों को मिलेगा, जिन्हें अपने खेतों तक जाने में आसानी होगी। इसके अलावा, यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को भी बढ़ावा देगी। प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गांव खेड़ी दबदलान रोड से राजकुमार सैनी के खेत तक, छपरा गांव में मुख्य सडक से गुरपाल के खेत तक, गजलाना गांव में बलदेव सिंह के फार्म से हरविंदर सिंह के फार्म तक आईएलपीबी मार्ग का निर्माण किए जाने की मंजूरी दी है।

### जेईई मैन्स परीक्षा में दक्षदीप-दिवम का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** बीआर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के दो छात्रों दक्षदीप एवं दिवम ने जेईई मैन्स की परीक्षा में बेहद शानदार परिणाम लाकर विद्यालय के नाम को गौरवान्वित किया। विद्यालय के छात्र दक्षदीप ने 98 प्रतिशत परसैन्टटाईल तथा दिवम ने 92 प्रतिशत परसैन्टटाईल हासिल किया। दोनों छात्रों की इस उपलब्धि पर पूरे विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर उक्त दोनों छात्रों को विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन दीपक चोपड़ा ने हृदय से बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्राचार्या पूजा कंबोज ने दोनों छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उन्हें भविष्य में एकाग्रचित हो लक्ष्य-निष्ठ बनने को प्रोत्साहित किया।

## बुढ़ापा पेंशन पर सभी तरह की शर्तें हटाए जाने की मांग

*आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने सौपा ज्ञापन*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र**



ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने बुढ़ापा पेंशन पर सभी तरह की शर्तें हटाने, प्राइवेट बसों में बुजुर्गों का आधा किराया व विद्यार्थियों का बस पास लागू करने की मांग को लेकर कुरुक्षेत्र लघु सचिवालय पर प्रदर्शन किया और सुप्रिडेंट को मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया। यह जानकारी संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा ने दी। जिला सचिव कामरेड कृष्ण चंद ने कहा कि सरकार का कहना है कि नियम के अनुसार परिवार पहचान पत्र में सभी स्त्रोतों से 3 लाख रुपए सालाना आमदनी वाले बुजुर्ग नागरिक बुढ़ापा पेंशन के पात्र नहीं है। इस नियम के लागू रहने से प्रदेश के लाखों बुजुर्ग बुढ़ापा पेंशन से वंचित हो जायेंगे। जबकि यह बुढ़ापा पेंशन सम्मान भत्ता है इस पर कोई भी शर्त लागू नहीं होनी चाहिए। सरकार इन को कानून बना कर पूरी तरह से खत्म करें। दूसरी तरफ किसानों ने मंडी में रबी व खरीफ की फसल बेची तो खाते में जो पैसा आता है वह भी आमदनी में जोड़ दिया है। प्रदर्शनकारियों ने बुढ़ापा पेंशन पर सभी तरह की शर्तें हटाई जाएं, बुढ़ापा पेंशन बढ़ाकर 5100 रु मासिक करो, बुढ़ापा पेंशन का बकाया पैसा जल्द डाला जाए, प्राइवेट बसों में बुजुर्गों का आधा किराया चालू करो, विद्यार्थियों के बस पास लागू करो, हरियाणा सरकार मुदार्बाद, बुढ़ापा पेंशन पर शर्त हटाने का कानून बनाया जाए आदि नारे लगाए गये। इस प्रदर्शन में जिला कमेटी सदस्य ओमप्रकाश शास्त्री, सूरजभान, रामकुमार, महेंद्र सिंह, रामकिशन आदि शामिल रहे।

### लाडवा अनाज मंडी में 28 को लगेगा किसान कृषि विकास मेला : रमेश

**लाडवा।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि यूनिवर्सिटी हिसार के विस्तार शिक्षा निदेशक डा. रमेश कुमार यादव ने कहा कि प्रदेश में पहली बार सबसे बड़ा दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय किसान कृषि विकास मेला का आयोजन 28 फरवरी से लाडवा अनाज मंडी में किया जाएगा। इस मेले में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा शिरकत करेंगे। मेले की अध्यक्षता चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज करेंगे। निदेशक डा. रमेश कुमार यादव बुधवार को लाडवा अनाज मंडी में कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं को लेकर निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ तहसीलदार नवम धानिया, मार्केट कमेटी सचिव संत कुमार, सहायक निदेशक डा. कृष्ण यादव और वीसी के सचिव कपिल अरोड़ा भी मौजूद रहे।

## वार्षिक खेल उत्सव में छाए विद्यार्थी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र**

- नवयुग स्कूल में कार्यक्रम, 100 मीटर रेस में कक्षा चतुर्थ से कल्पेश ने मारी बाजी



नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में कक्षा चतुर्थ से अष्टम के लिए वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। सबसे पहले प्रतिभागी छात्र एवं छात्राओं ने राष्ट्रीय ध्वज हाथ में लेकर मार्च पास्ट किया। उत्सव का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर, प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापिका, को ऑर्डिनेटर द्वारा आकाश में हरे, सफेद और केसरिया रंग के गुब्बारे छोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस उत्सव में लड़कों और लड़कियों ने बराबर भाग लिया। सभी प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था। उत्सव के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर रेस, थ्री लेग रेस, स्लो साइक्लिंग, लेमन रेस, बैलेंसिंग रेस, बैक रेस, स्किपिंग रेस प्रतियोगिताएं करवाई गईं। 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, लेमन रेस,स्किपिंग रेस में विद्यार्थियों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन करके सबको चकित कर दिया। स्लो साइक्लिंग में भी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 100 मीटर रेस में कक्षा चतुर्थ से कल्पेश प्रथम, परम द्वितीय, रौनक और गुरनूर तृतीय, कक्षा षष्ठम से अक्षत और दीपलव प्रथम, गौरव और मुकुल द्वितीय, हार्दिक और पारस तृतीय,कक्षा सप्तम से हैप्पी और कृतिका प्रथम, अंजली और विराज द्वितीय, सारिका और अक्षत तृतीय रही। पइस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक विकास गाबा, प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, कोऑर्डिनेटर ऋतु, चौधरी,अध्यापिका हरिंदर, रिहाना, पूनम, आशा, अंजलि, मोनिका, स्वाति, कोमल, गीता, कल्पना, स्नेह, अध्यापक, जसमेर, शक्ति प्रकाश, सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### प्रथम गर्ग ने जेई मैन्स में 99.91 परसेंटाइल स्कोर किए प्राप्त

**लाडवा।** संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनोरा-लाडवा के होनहार छात्र प्रथम गर्ग ने जेई मैन्स 2026 में शानदार 99.91 परसेंटाइल स्कोर करके स्कूल, अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्रधान पवन गर्ग ने प्रथम गर्ग, उसके माता-पिता और अध्यापकों को दिल से बधाई दी व प्रथम के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि स्कूल के चमकते सितारे के तौर पर पहचाने जाने वाले प्रथम, दूसरे छात्रों के लिए प्रेरणा बन गए हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा और अध्यापकों ने प्रथम गर्ग के समर्पण, अनुशासन और लगातार कड़ी मेहनत की प्रशंसा की और सफलता को उसकी लगन और पक्के इरादे की सच्ची झलक बताया। प्रथम गर्ग की शानदार कामयाबी इस बात का सबूत है कि लगन और कड़ी मेहनत से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता ह। स्कूल न सिर्फ़ अच्छी शिक्षा देने के अपने मिशन पर कायम है, बल्कि ऐसे बच्चों को भी तैयार करता है जो जिंदगी के हर क्षेत्र में बेहतरीन हों और प्रथम गर्ग इस मिशन के पूरा होने का एक गर्व करने वाला उदाहरण है।



## भारत-अमेरिका ट्रेड डील देश के कपास और कपड़ा उद्योग के लिए खतरा : बृजेंद्र

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही सद्भाव यात्रा बुधवार को अपने 137 वें दिन में प्रवेश कर चुकी है। यात्रा की शुरूआत थानेसर विधानसभा क्षेत्र के गांव अमीन से हुई उस के बाद यात्रा बीड़ अमीन, तिगरी खालसा, कुंवार खेड़ी, किरमच से गुजरते हुए जब हथीरा में संपंन हुई तो हजारों लोगों का काफिला यात्रा में जुड़ गया। इस मौके पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने बृजेंद्र सिंह ने भारत और अमेरिका के बीच हो रही ट्रेड डील को लेकर भी गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यह समझौता केवल व्यापार तक सीमित नहीं बल्कि देश की आर्थिक और कृषि व्यवस्था को प्रभावित करेगा । उन्होंने कहा कि बीज, खाद्यान्न और प्रोसेस्ड फूड जैसे क्षेत्रों में विदेशी दखल बढ़ेगा, जिससे देश की आत्मनिर्भरता प्रभावित होगी।



### गीता निकेतन के 19 छात्रों ने जेईई मेन परीक्षा की उत्तीर्ण

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित गीता निकेतन आवासीय विद्यालय कुरुक्षेत्र के 19 विद्यार्थियों ने देश भर के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई - मेन 2026 के पहले चरण के परिणाम में उच्च परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा सोमवार 16 फरवरी 2026 को घोषित परिणाम में गीता निकेतन के छात्र लक्ष्य ने 99.2, आदित्य नारायण 97.7, सक्षम बंसल 97.3 ,गुरुविंदर 97.2, लक्ष्य 97.1 ,यश गोरसी 96.5 विनय पाल 95.2, मनन जैन 94.8, तन्मय 94.5 , कृष्णा 94.2 , अर्जुन 93.9, गर्व 93.3, तान्या 92.7, अरविंद 92.6, धैर्य पूरी 92.1, वर्तिका 91.9, श्रुति अग्रवाल 91.9 अनिकेत 90.4 ,पुनीत शर्मा ने 90.2 परसेंटाइल अंक प्राप्त किया। गीता निकेतन के प्राचार्य नारायण सिंह ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए विद्यालय में ही छात्रों की सघन तैयारी करवाई जाती है। प्रयागराज की एक संस्था सक्षम संस्थान के आईआईटी के अनुभवी शिक्षकों एवं गीता निकेतन के शिक्षकों के संयुक्त तत्वावधान में इन छात्रों को कोचिंग देने की विशेष व्यवस्था की गई है।

### प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं का अंतिम व्यक्ति तक लाभ मिल रहा : रामकुमार रंबा



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के अध्यक्ष रामकुमार रंबा ने कुरुक्षेत्र में सिरसला रोड स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की करनी व कथनी में कोई अंतर नहीं है वह जो भी कहते हैं उसके करके दिखाते हैं, उनके द्वारा शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं का अंतिम व्यक्ति तक लाभ मिल रहा है। जिससे केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों से हर वर्ग खुश है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच है कि सभी समाज के लोगों को एक धारा में लाना चाहते हैं जिसके लिए वह दिन रात प्रयासरत है। रंबा ने कहा कि सामाजिक संस्थाएं भी सरकार के साथ मिलकर कार्य कर रही हैं। समाज के हर जरूरतमंद लोगों की सहायता करती है। उन्होंने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय पलवल से हजारों बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं जिससे उनका जीवन संवर रहा है और देश के विकास में अहम रोल अदा करेंगे। रंबा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के विकास के लिए नित दिन नई-नई योजनाएं लागू कर प्रदेश को ऊंचाइयों ले जाने का कार्य कर रहे हैं। कौशल विश्वकर्मा विश्वविद्यालय पलवल की भांति एक विश्वविद्यालय कैथल से यमुनानगर रोड पर बनाए जाने की मांग मुख्यमंत्री से की हुई है।

**धर्म-कर्म** | सात दिवसीय श्रीकृष्ण कथा के द्वितीय दिवस में साध्वी सुश्री कालिंदी भारती ने किए प्रवचन

# अध्यात्म बच्चों में संस्कारों को कर सकता है मजबूत : कालिंदी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र**


**कुरुक्षेत्र।** दीप प्रज्जवलित करते यजमान।


**कुरुक्षेत्र।** कथा सुनाती साध्वी कालिंदी भारती।

दिव्य ज्योंति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित हुड्डा ग्राउंड नजदीक सैक्टर 10 मार्किट सैक्टर 7 के सामने कुरुक्षेत्र में आयोजित सात दिवसीय श्रीकृष्ण कथा के द्वितीय दिवस में दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या विश्व विख्यात भागवत भास्कर साध्वी सुश्री कालिंदी भारती ने में बताया कि कुरुक्षेत्र की भूमि में भक्ति और आध्यात्मिकता का गहरा संगम मिलता है। यूं तो प्रभु ने अनेकानेक भक्त है। जिसमें राजस्थान की भूमि पर पली-बढ़ी प्रभु की एक अनन्य भक्त कमाबाई। जिन्होंने अध्यात्म की ऐसी लौ लेकर राजस्थान से चली और दक्षिण में स्थित जगन्नाथ मंदिर में आज भी प्रभु को सर्वप्रथम भक्तिमति कमाबाई के नाम के खिचड़ों का भोग आज तक लगाया जा रहा है। उसको धार्मिक भावों के संस्कार उनके पिता से प्राप्त हुए थे। साध्वी ने बताया कि माता-पिता बच्चों के पहले मार्गदर्शक होते हैं। जिस तरह से एक माली पौधें को सींचता है, माता-पिता उसी तरह अपने बच्चों को जीवन के मूल्य और आदर्शों से पोषित करते हैं। परंतु विडम्बना की बात है कि आज के समय में जब माता-पिता अपनी व्यस्त दिनचर्या और भौतिक आकांक्षाओं के कारण बच्चों को संस्कार नहीं दे पर रहे उसके दुष्परिणाम बच्चों के व्यक्तित्व पर पड़ रहा हैं। जैसे बड़ों के सम्मान में कमी, अंहकार, अपनी बात मनवाने के लिए जिद और अनियंत्रित क्रोध का सहारा लेना। आज माता-पिता का बच्चों उचित समय न देने के कारण स्क्रीन एडिक्शन के शिकार हो रहे हैं। अपना समय मोबाइल, इंटरनेट, और सोशल-मीड़िया पर बिताते हैं। संस्कारों की कमी के कारण वे भटके हुए युवा बन सकते हैं जो समाज की संपत्ति के बजाय समस्या बन रहे हैं। साध्वी ने बताया कि आज सभी को अध्यात्म की आवश्यकता है। अध्यात्म का अर्थ मात्र पूजा पाठ नहीं बल्कि जीवन के गहरे मूल्यों और सार को जीवन में धारण करना है। अध्यात्म ही बच्चों को बाहरी दिखावे से परे, भीतरी शक्ति और मानवीय गुणों से विकसित कर सकता है। यह उन्हें एक ऐसे मजबूत आंतरिक ढांचे से जोड़ सकता है जो उन्हें जीवन की चुनौतियों और बाहरी दुनिया की नकरात्मक प्रभावों का सामना करने के लिए तैयार कर सकता है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, अमन कुमार डिस्ट्रिक्ट म्युनिसिपल कमिश्नर, डॉ बृजेंद्र सिंह तोमर रजिस्ट्रार श्रीकृष्णा आयुष यूनिवर्सिटी, डॉ अर्चना सिंह, प्रदीप सिंगला, एमपी गुप्ता, धीरज गुलाटी पर्ल मार्क व आरपी गुप्ता विशेष तौर पहुंचे।

